# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 आयोजन प्रतिवेदन

**दिनांक:** 21 जून 2026
**स्थान:** छात्रावास प्रांगण (Hostel Ground), सीआरसी पटना

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समेकित क्षेत्रीय केंद्र (CRC), पटना जो की राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान (NILD), कोलकाता के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, अंतर्गत दिनांक 21 जून 2026 को CRC छात्रावास प्रांगण में **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026** का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम **"Yoga for Healthy Ageing (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग)"** रही। इस थीम का उद्देश्य योग के माध्यम से जीवन के प्रत्येक चरण में शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में सीआरसी पटना के अधिकारीगण, दिव्यांगजन (PwDs), लाभार्थी, छात्र-छात्राएँ एवं पुनर्वास व्यावसायिक (Rehabilitation Professionals) लगभग 90 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ **डॉ. अनिल कुमार, निदेशक (प्रभारी), सीआरसी पटना** , **श्री अजीत देव, योग विशेषज्ञ/प्रशिक्षक श्री सूर्यकांत बेहरा, श्री राजेन्द्र कुमार प्रवीण, श्री रॉबिन, श्री विद्याकर कुमार, सुश्री चन्द्रमाला शौर्य एवं दिव्यांगजन (PwDs)** द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में डॉ. अनिल कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को नियमित रूप से योग अपनाने हेतु प्रेरित किया।

योग सत्र का संचालन एवं प्रशिक्षण **श्री अजीत देव, योग विशेषज्ञ/प्रशिक्षक** द्वारा किया गया। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि वर्तमान जीवनशैली में स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है तथा नियमित योगाभ्यास से अनेक रोगों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य संवर्धन संभव है।

सभी प्रतिभागियों ने योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा योग विशेषज्ञ के निर्देशन में विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा योग, प्राणायाम, दैनिक जीवन में योग के महत्व तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका **योग विशेषज्ञ श्री अजीत देव** द्वारा विस्तारपूर्वक एवं संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस संवादात्मक सत्र ने प्रतिभागियों में योग के प्रति जागरूकता एवं रुचि को और अधिक बढ़ाया। **कार्यक्रम समन्वयक:** श्री अमित कुमार, श्री शांतनु के द्वारा सफलता पूर्वक किया गया

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।







आयुष मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

Yoga for Healthy Ageing

Yoga 365
Embrace Yoga, 365 Days a Year!



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# योग संगम पत्र

***प्रमाणित किया जाता है कि***

Composite Regional Centre, Patna

***ने 21 जून, 2026 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया।***

***यह कार्यक्रम*** CRC Patna ***में आयोजित किया गया, जिसमें*** 90 ***लोगों ने भाग लिया।***

***यह भी प्रमाणित किया जाता है कि यह कार्यक्रम कोलकाता, पश्चिम बंगाल में माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुरूप और एक ही समय पर आयोजित किया गया।***

**प्रतापराव जाधव**
केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय एवं
राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

*दिनांक: 21 जून, 2026*
*नई दिल्ली*